# -सार्वजनिक सूचना-

दिनांक: 12.06.2020

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे क्षेत्रीय कार्यालय-सुलतानपुर पर निर्बाध रूप से विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने के क्रम में मासिक किराये पर जनरेटर की सेवायें ली जानी है | जिसके हेतु 25 KVA भारक्षमतायुक्त ध्वनिरहित (silent mode) जनरेटर की सेवा अपेक्षित है |तकनीकी दक्षता एवं मान्यताप्राप्त ठेकेदारों से कोटेशन/टेन्डर आमन्त्रित हैं | टेन्डर की शर्तें निम्नानुसार हैं -

1. बिजली का ठेकेदार/ कारीगर जिसके पास बिजली विभाग द्वारा कार्य करने हेतु प्रदत्त लाइसेन्स उपलब्ध हो | (प्रमाणपत्र/लाइसेन्स की छाया प्रति टेंडर के साथ संलग्न करें)
2. जनरेटर ध्वनिरहित हो |
3. न्यूनतम 25 KVA भारक्षमता का हो |
4. संरक्षा, सुरक्षा, मरम्मत तथा ईधन आदि का पूर्ण दायित्व generator स्वामी का होगा |
5. सम्यक संचालन का दायित्व generator स्वामी का होगा |
6. वर्ष के सभी दिन व रात (365x24) सेवाएं ली जा सकती है, जिसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा |
7. जेनरेटर की सेवाएँ केवल बडौदा यू. पी. बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय सुलतानपुर के उपयोग के लिए ही होंगी |
8. जेनरेटर के प्रस्तावित मासिक किराये में समस्त व्यय,प्रभार तथा कर सम्मिलित होंगे |
9. मासिक किराया दो वर्षों हेतु लागू होगा, इससे पूर्व किराये में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी | किसी कारणवश जेनेरेटर ख़राब होने पर आवेदक द्वारा बदले में दूसरा जेनेरेटर लगाकर विद्युत् आपूर्ति अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी I
10. बिना कारण बताये या पूर्व सूचना के बैंक कभी भी generator की सेवायें समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है |
11. बिना किसी पूर्व सूचना के बैंक इस निविदा को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है |

इच्छुक अभ्यर्थी कृपया अपनी निविदा, समस्त विवरण सहित संलग्न प्रारूप पर भरकर (हस्ताक्षर व मुहर युक्त) सीलबंद लिफाफे में हमारे क्षेत्रीय कार्यालय (123,ईश्वरदास काम्प्लेक्स अमहट- सुल्तानपुर, यू०पी०) के टेन्डर बाक्स में दिनांक: 30.06.2020 सायं 4.00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें | निविदा खुलने का समय दिनांक 30.06.2020 सायंकाल 4.00 बजे होगा | समस्त प्रतिभागी निविदा खुलने के समय मूल अभिलेखों के साथ अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें |

**क्षेत्रीय प्रबन्धक**
**बड़ौदा यू. पी. बैंक**
**परिक्षेत्र -सुलतानपुर**